जेवी कालेज के छात्र का स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के लिए चयन

जयप्रकाश को युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने नई दिल्ली ने आमंत्रित किया

● जनवाणी संवाददाता, बड़ौत

नई दिल्ली के लाल किला परिसर में 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम में जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक जय प्रकाश यादव का चयन हो गया। वह कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नई दिल्ली रवाना हो गये हैं।

जेवी कालेज रासेयो के स्वयं सेवक जयप्रकाश को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने नई दिल्ली द्वारा विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है और दूसरे विद्यार्थीओं को प्रेरित करने वाला कदम है। डा. गीता रानी जिला सह ज़िला नोडल अधिकारी ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के चार स्वयं सेवकों के नाम इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए प्रेषित किये थे। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से केवल दो स्वयं सेवकों का चयन होना था।

स्वयंसेवक जय प्रकाश यादव।

जिसमें से एक होनहार स्वयं सेवक जयप्रकाश यादव का चयन उनके महाविद्यालय से हुआ है। यह महाविद्यालय परिवार के लिए हर्ष और गौरव का विषय है। जयप्रकाश ने मेरी माटी मेरा देश, अमृत वाटिका आदि कार्यक्रमों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। डा.गीता रानी ने राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक डा. कबीर एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी डा. मंजू सिंह का विशेष आभार जताया। राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी डा. मुकेश कुमार ने जय प्रकाश यादव को उत्तम व्यवहार रखते हुए बधाई दीं।